लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली
LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

लोक सभा अध्यक्ष ने श्रीमती सुषमा स्वराज के निधन पर शोक व्यक्त किया।

नई दिल्ली, 07 अगस्त 2019 : लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ राजनेत्री श्रीमती सुषमा स्वराज के निधन पर शोक व्यक्त किया। लोक सभा अध्यक्ष ने सन्देश में कहा: 'श्रीमती सुषमा स्वराज के निधन पर मुझे बहुत दुःख हुआ है। सम्पूर्ण देश में एक श्रेष्ठ वक्ता तथा प्रतिबद्ध व्यक्तित्व के रूप में लोकप्रिय, सुषमा जी सबसे संवेदनशील राजनेताओं में से एक रही हैं। हरियाणा में सबसे कम उम्र की विधायक बनने के बाद राजनीति में उनका ओहदा और लोगों के दिल में उनके लिए सम्मान बढ़ता चला गया। अपने यशस्वी राजनीतिक जीवन में वह राज्य में मंत्री बनी, सांसद बनी, केंद्र में लोकप्रिय मंत्री रहीं तथा पंद्रहहवीं लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष के रूप में सभी पार्टियों से सम्मान अर्जित कर, वह निर्विवाद राजनेता के तौर पर उभरी। सुषमा जी का सार्वजनिक जीवन अनुकरणीय रहा जिसके लिए हम उन्हें सदैव याद रखेंगे। वह मानवीय संवेदनाओं को सर्वोपरि रखती थी और इसीलिए लोगों की आशाएं और आकांक्षाएं उनके हृदय में प्रखर रहती थीं। मैं उनके शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएँ व्यक्त करता हूँ। "

इससे पहले श्री बिरला श्रीमती स्वराज के दिल्ली स्थित निवास गए और दिवंगत आत्मा को अपनी श्रद्धांजलि दी।

तत्पश्चात, लोधी रोड स्थित शवदाह गृह पर श्रीमती स्वराज के अंतिम संस्कार में श्री बिरला शामिल हुए और श्रद्धांजलि दी।

LOK SABHA SPEAKER CONDOLES SAD DEMISE OF SMT. SUSHMA SWARAJ

New Delhi, 07 August 2019: Lok Sabha Speaker Shri Om Birla has condoled the sad demise of former Union Minister and senior politician Smt. Sushma Swaraj. In his message, Shri Birla said: "I am saddened to learn about the untimely demise of Smt. Sushma Swaraj. Sushmaji, after becoming the youngest member in the Haryana Vidhan Sabha, gained prominence in Indian politics; she became a Minister in the Haryana Government and later Member of Parliament and Union Minister in the key Ministries of the Central Government. She also held the post of the Leader of Opposition in the 15th Lok Sabha, where she earned laurels across political lines. She was an able administrator and a sensitive politician who was known for her matchless oratory and a calm and dignified personality. In her political career, she idolized grit, dignity and dedication. Throughout her political career, she remained committed towards the masses. As an astute politician and a skillful diplomat, she served the nation with distinction. I convey my heartfelt condolences to the members of her bereaved family. Om Shanti."

Earlier in the day, Shri Birla visited the residence of Smt. Swaraj to pay homage to the departed soul. Later in the day, Shri Birla paid tribute to Smt. Swaraj at Lodhi Road Crematorium.